संख्या- 56 /2026 / 350 /चार-2026-1834138

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग **लखनऊः दिनांक 18 फरवरी, 2026**

विषयः- प्रदेश के विभिन्न जनपदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महापुरुषों, संत महात्माओं आदि की मूर्तियों के निर्माण एवं स्थापना कार्य के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में स्वीकृत 15 मूर्तियों की स्थापना के उपरान्त धातु मिश्रण जांच शुल्क की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 4164/सं0नि0-25(8)/2025-26 दिनांक 28 जनवरी, 2026 तथा निदेशक, उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ के पत्र संख्या- 1016/चतुर्थ-575 / 2024-25 दिनांक 07 जनवरी, 2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महापुरुषों, संत महात्माओं आदि की मूर्तियों के निर्माण एवं स्थापना कार्य के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में स्वीकृत निम्नलिखित 15 मूर्तियों की स्थापना के उपरान्त धातु मिश्रण जांच शुल्क रूपए 25,07,889.00 (रू० पच्चीस लाख सात हजार आठ सौ नवासी) का भुगतान भूतत्व खनिकर्म निदेशालय उ०प्र० को किये जाने हेतु उक्त धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध किया गया है:-

क्र0	मूर्ति विवरण	स्थापन स्थल	मूर्ति की माप एवं लागत	जांच की स्थिति	अपेक्षित जांच शुल्क का भुगतान किया जाना है।
1	2	3	4	5	6
1	महर्षि वाल्मीकी	अंर्त० महर्षि बाल्मीकि विमानतल अयोध्या	06 फिट बैठी कॉस्य प्रतिमा रू०1401000/-	जांच कार्य पूर्ण जाच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं०-284/ ख०अ० (30) / मूर्ति जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	99,859.00
2	पं0 दीनदयाल उपाध्याय	पं0 दीनदयाल उपाध्याय चौक बाराबंकी	06 फिट आदमकद कॉस्य प्रतिमा रू0 6,60,000/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं०-285/ख०अ० (30) / मूर्ति जांच /2025-26 दि० 31.12.2025	99,859.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

3	महन्त अवैद्यनाथ जी	बैसनपुर, इमलियामानपुर, महमूदाबाद, सीतापुर	12.5 फिट खड़ी ब्रांज मूर्ति रू० 19,75,000/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0-286/ख०अ० (30)/जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	1,99,718.00
4	महाराजा दक्ष प्रजापति	मैनपुरी स्थानः-निकट एस०बी०आई०, भटनगर, मैनपुरी	12.5 फिट बैठी हुई कॉस्य प्रतिमा रू0 28,25,000/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0-287/ ख०अ० (30) / मूर्ति जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	1,99,718.00
5	गौतम बुद्ध	मैनपुरी स्थानः अम्बेडकर पार्क, नगला कीरत, सिविल लाईन	06 फिट बैठी कॉस्य प्रतिमा रू० 14,01,000/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0-288/ ख०अ० (30)/मूर्ति हेतु जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	1,14,125.00
6	अटल बिहारी वाजपेयी जी	मैनपुरी में जेल चौराहे पर	12.5 फिट खड़ी कॉस्य प्रतिमा रू० 19,75,000/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0-289/ ख०अ० (30)/मूर्ति हेतु जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	1,99,718.00
7	डॉ० भीमराव आंबेडकर	मैनपुरी स्थानः मैनपुरी जेल के निकट शिकोहाबाद मार्ग, हरवंश नगर	12.5 फिट खड़ी कॉस्य प्रतिमा रू० 19,75,000/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0-290/ ख०अ० (30)/मूर्ति हेतु जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	1,99,718.00
8	महर्षि कश्यप	मैनपुरी स्थानः गंगापुर, मुहबतपुर, कुरावली	06 फिट बैठी कॉस्य प्रतिमा रू० 1401000/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0-291/ ख०अ० (30)/मूर्ति हेतु जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	1,11,272.00
9	महर्षि बाल्मीकि	मैनपुरी स्थानः महमूदनगर, मैनपुरी	06 फिट बैठी ब्रांज मूर्ति रू० 1401000/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0-292/ ख०अ० (30)/मूर्ति हेतु जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	99,859.00
10	भामाशाह	मैनपुरी स्थानः बुद्धा विहार मैनपुरी खास, मैनपुरी	12.5 फिट खड़ी कॉस्य प्रतिमा रू0 19,75,000/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0-293/ ख०अ० (30)/मूर्ति हेतु जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	1,85,453.00
11	महाराणा प्रताप	नगला राधे बाईपास चौराहा सिरसागंज	12.5 फिट अश्वारोही कॉस्य प्रतिमा रू0	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0-294/ ख०अ० (30)/मूर्ति	1,99, 718.00

https://shasanadesh.up.gov.in

			24,32,153/-	हेतु जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	
12	पृथ्वीराज चौहान	जलेसर, मुड़ी चौराहा आगरा	12.5 फिट अश्वारोही कॉस्य प्रतिमा रू0 24,32,153/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0- 295/ ख०अ० (30)/मूर्ति हेतु जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	1,99,718.00
13	महाराणा प्रताप	ककरऊ कोठी, फिरोजाबाद	12.5 फिट अश्वारोही कॉस्य प्रतिमा रू0 24,32,153/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0- 296/ ख०अ० (30)/मूर्ति हेतु जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	1,99,718.00
14	पृथ्वीराज चौहान	बेवर स्थानः बेवर चौराहा, बेवर	12.5 फिट अश्वारोही कॉस्य प्रतिमा रू0 27,05,000/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0- 297/ ख०अ० (30)/मूर्ति हेतु जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	1,99,718.00
15	बाबू कल्याण सिंह जी की	कासगंज, एटा के लिए निर्मित मूर्ति जनपद मैनपुरी भोगांव में स्थापित	खड़ी 12.5 फीट ब्रांज मूर्ति रु0 19,75,000/-	जांच कार्य पूर्ण जांच शुल्क भुगतान हेतु बिल सं0- 298/ ख०अ० (30)/मूर्ति हेतु जांच / 2025-26 दि० 31.12.2025	1,99,718.00
कुल योग (रू० पच्चीस लाख सात हजार आठ सौ नवासी)					**25,07,889.00**

2. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में स्वीकृत 15 मूर्तियों के निर्माण एवं स्थापना कार्य के उपरान्त धातु मिश्रण जांच भूतत्व खनिकर्म निदेशालय उ०प्र० से कराये जाने पर जांच शुल्क हेतु **रू0 25,07,889.00 (रूपये पच्चीस लाख सात हजार आठ सौ नवासी मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की श्री राज्यपाल सहर्ष अनुमति प्रदान करते हैं:-

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) मूर्ति निर्माण विषयक संस्कृति विभाग के शासनादेश संख्या- 138/चार-2001-6(20)/90 टी0सी0 दिनांक 24.12.2001 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए संस्कृति निदेशालय/ उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ द्वारा मूर्ति निर्माण के संबंध में कार्यवाही की जायेगी।

(3) निदेशक, संस्कृति निदेशालय/ राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।

(4) प्रश्नगत स्वीकृति संस्कृति निदेशालय/ राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि मानक के संबंध में कोई सूचना गलत

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व संस्कृति निदेशालय/ राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ का होगा।

(5) प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/ मद हेतु दी जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/ मद हेतु किया जायेगा।

(6) उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय- समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(8) बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(9) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा। समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

3. इस संबंध में होने वाला व्यय **रुपये 25,07,889.00 (रुपये पच्चीस लाख सात हजार आठ सौ नवासी मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 092 **लेखा शीर्षक** 4202041060900 महापुरूषों की मूर्तियों का निर्माण **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
विशेष सचिव।

संख्या - 56 /2026 / 350 (1) /चार-2026-1834138 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- निदेशक, उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ।
7- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
विशेष सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।